हरिभूमि
# हिसार-हांसी भूमि
रोहतक, बुधवार 25 फरवरी 2026

11 स्वयंसेविकाओं ने सीखे आत्मरक्षा के गुर



12 पातन की मंजू, हांसी-1 की नीशू व मसूदपुर की सोनम...



## खबर संक्षेप

### डीएन कॉलेज चौक फीडर पर आज बिजली बंद रहेगी

**हिसार।** बिजली निगम की आरडीएसएस स्कीम के तहत बुधवार को पुरानी तारें बदलने का कार्य किया जाएगा। इसके चलते डीएन कॉलेज चौक फीडर सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक बंद रहेगा। बिजली सप्लाई बंद होने से डीएन कॉलेज चौक फीडर के तहत भामाशाह नगर, अग्रवाल कॉलोनी, बालसमंद रोड, डीएन चौक के आसपास का एरिया प्रभावित होगा।

### छाजूराम बीएड कॉलेज में खेलकूद स्पर्धा कल से

**हिसार।** छाजूराम शिक्षण महाविद्यालय में दो दिवसीय 46वीं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का 26 फरवरी को शुभारंभ होगा। प्रिंसिपल पूर्णिमा लोहान ने बताया कि उद्घाटन अवसर पर जिला पार्षद अजय सिंह धुंधवाल मुख्यअतिथि होंगे। प्रतियोगिता के समापन समारोह में 27 फरवरी को जाट शिक्षण संस्थान के अध्यक्ष दिलदार पूनिया विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित करेंगे।

### गीता भवन में ब्रह्म ज्ञान सत्संग कल से

**हिसार।** आध्यात्मिक गीता ज्ञान प्रचारिणी सभा एवं समस्त हरि शरणम्‌ परिवार के तत्वाधान में 26 से 28 फरवरी तक गीता भवन मंदिर, रामपुरा मोहल्ला में ब्रह्म ज्ञान सत्संग का आयोजन किया जाएगा। समस्त हरि शरणम परिवार के संयोजक सत्यनारायण शर्मा, एडवोकेट ने बताया कि 26 व 27 फरवरी को सायं 4 से 6 बजे तथा 28 फरवरी को प्रातः 10 बजे से दोपहर 12 तक सत्संग का आयोजन किया जाएगा। समापन पर प्रसाद वितरित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि ब्रह्म ज्ञान सत्संग में कथा व्यास हिमालय तपस्वी परमहंस गंगेनंदन महाराज रोजाना प्रवचन देंगे।

### हरियाणा पुलिस संगठन की बैठक 26 को

**हिसार।** हरियाणा पुलिस संगठन जिला ईकाई की बैठक 26 फरवरी गुरुवार को सुबह 10 बजे क्रांतिमान पार्क में होगी। यह जानकारी देते हुए संगठन के वरिष्ठ जिला उपप्रधान रामरूप शर्मा ने बताया कि बैठक की अध्यक्षता संगठन के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष महेंद्र सिंह स्याहड़वा करेंगे। उन्होंने बताया कि बैठक में पुलिस कर्मचारियों की लंबित मांगों पर विचार-विमर्श किया जाएगा। उन्होंने सभी सेवानिवृत्त कर्मचारियों से अधिक से अधिक संख्या में बैठक में भाग लेने का आह्वान किया है।

### नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**हिसार।** उकलाना पुलिस ने पोस्को एक्ट के तहत दर्ज मामले में कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान सुशील कुमार निवासी खानक जिला भिवानी के रूप में हुई है। पुलिस प्रवक्ता दीपक ने बताया कि थाना उकलाना क्षेत्र के अंतर्गत एक गांव की एक महिला ने अपनी नाबालिग बेटी से दुष्कर्म होने की शिकायत दी थी। जांच में आरोपी के खिलाफ पहले भी थाना तोशाम में पोस्को एक्ट के तहत एक अभियोग दर्ज पाया गया है।

### दिव्यांग केंद्र में निःशुल्क नेत्र ऑपरेशन कैंप 27 को

**हिसार।** हरियाणा भारत विकास फाउंडेशन दिव्यांग पुनर्वास एवं स्वास्थ्य केंद्र में सेवार्थ भाव से 27 फरवरी को जरूरतमंद बुजुर्गों की आंखों के सफेद मोतियाबिंद के ऑपरेशन किए जाएंगे। दिव्यांग पुनर्वास केंद्र के अध्यक्ष डॉ. रोशनलाल गोयल ने बताया कि शिविर में डोरा ऑफसेट वाले ईश्वर गोयल बड़ोपलिया, गोयल कंस्ट्रक्शन जयपुर वाले पुरुषोत्तम गोयल व प्रेम गोयल, डॉरेक्स वाले विनोद गोयल, राजदरबार वाले सोनू गोयल व बड़ोपल गोशाला वाले रण सिंह का विशेष योगदान रहेगा। शिविर में 30 लोगों के नेत्र ऑपरेशन किए जाएंगे। इसके साथ ही 10 दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग निशुल्क उपलब्ध करवाए जाएंगे।

# हिसार एयरपोर्ट पर अब 24 घंटे उड़ान भरेंगे विमान

*डीजीसीए ने हिसार हवाई अड्डे पर इंस्ट्रूमेंट फ्लाइट रूल्स के तहत दी मंजूरी*

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

डीजीसीए ने हिसार हवाई अड्डे पर इंस्ट्रूमेंट फ्लाइट रूल्स (आईएफआर) के अंतर्गत विमान संचालन की मंजूरी दे दी है। अब विमान आईएफआर के अंतर्गत संचालित हो सकेंगे, जिससे रात्रि काल तथा प्रतिकूल मौसम परिस्थितियों में भी उड़ान संचालन संभव हो सकेगा। बता दें कि हिसार हवाई अड्डे पर विमान संचालन केवल दिन के समय विजुअल फ्लाइट रूल्स (वीएफआर) के अंतर्गत सीमित था। यह स्वीकृति हिसार हवाई अड्डे की एयरोड्रोम अधोसंरचना के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रगति है। इंस्ट्रूमेंट आधारित उड़ान संचालन की सुविधा से हवाई सेवाओं की सुरक्षा एवं विश्वसनीयता में वृद्धि होगी और 24 घंटे हवाई सेवाओं का संचालन संभव होगा। यह उपलब्धि हवाई अड्डे की अधोसंरचना एवं परिचालन क्षमताओं को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। इससे क्षेत्रीय कनेक्टिविटी सुदृढ़ होगी तथा हरियाणा में भविष्य के विमानन विकास को प्रोत्साहन मिलेगा।

**खास बात**

- रात्रि काल तथा प्रतिकूल मौसम परिस्थिति में भी उड़ान संचालन होगा संभव

**विजिबिलिटी की सीमा घटी**



मंजूरी के बाद दृश्यता की न्यूनतम आवश्यकता 5000 मीटर से घटाकर लगभग 1200 मीटर कर दी गई है, जिससे कम दृश्यता की परिस्थितियों में भी अधिक सुरक्षित संचालन संभव हो सकेगा। इससे हिसार हवाई अड्डे से उड़ानों के डायवर्जन (मार्ग परिवर्तन) एवं रद्दीकरण में कमी आएगी तथा निकटवर्ती प्रमुख हवाई अड्डों, जैसे इंदिरा गांधी एयरपोर्ट दिल्ली, जयपुर एयरपोर्ट से डायवर्ट की गई उड़ानों को भी संभालने में सक्षम होगा।

**नवंबर में डीजीसीए की टीम ने किया था निरीक्षण**

डीजीसीए की टीम ने 6 व 7 नवंबर, 2025 को हिसार एयरपोर्ट का दौरा किया था और रात के समय विमान सेवाओं के संचालन की परिस्थितियों को अवलोकन किया गया। इस दौरान ने डीजीसीए ने कुछ आपत्ति लगाई थी और उन्हें दूर करने के लिए प्रदेश के नागरिक उड्डयन विभाग को दिशानिर्देश जारी किए थे। विभाग द्वारा आपत्ति को दूर करते हुए विस्तृत रिपोर्ट डीजीसीए को प्रस्तुत की। डीजीसीए ने गहन मूल्यांकन के बाद हिसार एयरपोर्ट पर आईएफआर की स्वीकृति प्रदान की गई।

**जानिए... क्या है आईएफआर**

आईएफआर वह प्रणाली है जिसमें पायलट विमान के उपकरणों और एयर ट्रैफिक कंट्रोल के निर्देशों के आधार पर उड़ान संचालित करते हैं। यह प्रणाली विशेष रूप से कम दृश्यता या रात के समय सुरक्षित उड़ान के लिए जरूरी होती है।

## नर्सिंग छात्राओं का आंदोलन: विधायक आवास घेरने के फैसले पर अफसरों को हाथ-पांव फूले

# दो दौर की वार्ता के बाद 2 तक टला विधायक आवास का घेराव


**हांसी और नारनौंद के एसडीएम पहुंचे काउंसलिंग शुरू कराने का दिया आश्वासन**

**कॉलेज अलॉट नहीं होने पर 3 मार्च को ट्रैक्टर-ट्रॉलियों से विधायक आवास के घेराव की दी चेतावनी**

हरिभूमि न्यूज ⏭ हांसी

नारनौंद उपमंडल स्थित नर्सिंग कॉलेज की छात्राओं का माइग्रेशन और कॉलेज अलॉटमेंट की मांग को लेकर चल रहा धरना मंगलवार को भी जारी रहा। विधायक आवास के बाहर 13 फरवरी से शुरू हुए आंदोलन के बाद सोमवार को छात्राओं व किसान संगठनों द्वारा किए गए विधायक आवास के घेराव के आह्वान के बाद छात्राओं के समर्थन में मंगलवार सुबह से ही बड़ी संख्या में किसान तथा छात्र संगठनों का जमावड़ा शुरू हो गया तथा धरने पर बैठी छात्राओं की मांगों को जायज बताते हुए उनका समर्थन करते हुए प्रशासन व सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए छात्राओं की मांगों का जल्द समाधान की मांग दोहराई।

वहीं मजदूर-किसान, छात्राओं के प्रदर्शन तथा विधायक आवास के घेराव को देखते हुए प्रशासन भी पूरी तरह से मुस्तैद रहा तथा धरना स्थल पर कानून व शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए एसडीओ रणबीर मलिक और एसडीओ प्रमोद को ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया। इस दौरान डीएसपी विनोद शंकर भारी पुलिस बल सहित मौके पर मौजूद रहे।



हांसी। धरने पर बैठी छात्राओं व किसान संगठनों के सदस्यों के साथ बातचीत करते एसडीएम राजेश खोथ व एसडीएम विकास यादव।

**शांति व्यवस्था की अपील**

विधायक आवास के बाहर धरने पर बैठी छात्राओं व किसान संगठनों द्वारा विधायक आवास के घेराव की चेतावनी के मद्देनजर हांसी एसडीएम राजेश खोथ और नारनौंद एसडीएम विकास यादव ने धरना स्थल पर पहुंचकर छात्राओं व किसान नेताओं से बातचीत कर शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। एसडीएम राजेश खोथ व विकास यादव ने छात्राओं को आश्वास्त किया कि 2 मार्च तक उनकी मांग को पूरा कर काउंसलिंग प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी और माइग्रेशन व कॉलेज अलॉटमेंट लिस्ट जारी हो जाएगी।

**11 छात्राएं 11 किसान देंगे धरना**

दो दौर की वार्ता के बाद धरने पर बैठी छात्राओं व किसान संगठनों के नेताओं ने विधायक आवास के घेराव के निर्णय को टाल दिया। साथ ही धरना दे रहे किसानों और छात्राओं ने स्पष्ट किया कि यदि 2 मार्च तक उनकी मांग को पूरा नहीं किया गया तो 3 मार्च को ट्रैक्टर-ट्रॉलियां लेकर विधायक आवास का घेराव किया जाएगा। इसके साथ ही कहा कि जब तक छात्राओं को कॉलेज अलॉटमेंट नहीं हो जाता, तब तक उनका धरना जारी रहेगा और धरने पर रोजाना 11 छात्राएं और 11 किसान धरने पर बैठे रहेंगे। हांसी एसडीएम राजेश खोथ व नारनौंद एसडीएम विकास यादव द्वारा छात्राओं को जल्द तथा 2 मार्च तक माइग्रेशन और कॉलेज अलॉटमेंट की प्रक्रिया पूरी करने का आश्वासन दिए जाने के बाद भी छात्राएं और किसान अपनी मांगों को लेकर विधायक आवास के बाहर धरने पर डटी रही। छात्राओं का कहना है कि ठोस कार्रवाई होने तक आंदोलन जारी रहेगा।

### नर्सिंग के विद्यार्थियों के स्थानांतरण को मंजूरी

**हांसी।** उपायुक्त राहुल नरवाल ने बताया कि डायरेक्टरेट ऑफ मेडिकल एजुकेशन एंड रिसर्च ने नारनौंद क्षेत्र के एक निजी नर्सिंग कॉलेज में अध्ययनरत नर्सिंग विद्यार्थियों के स्थानांतरण को मंजूरी प्रदान कर दी है।

- ओपन मेरिट के आधार पर काउंसलिंग से होगा अन्य नर्सिंग संस्थानों में समायोजन

उपायुक्त ने बताया कि जारी आदेशों के अनुसार विभिन्न नर्सिंग कोर्सों के इच्छुक विद्यार्थियों को हरियाणा राज्य के अन्य निजी नर्सिंग संस्थानों में, उनके संबंधित शैक्षणिक वर्षों में स्थानांतरित किया जाएगा। हालांकि, किसी भी नर्सिंग कोर्स के अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों का स्थानांतरण नहीं किया जाएगा। विद्यार्थियों का स्थानांतरण पंडित बी.डी. शर्मा यूनिवर्सिटी ऑफ हेल्थ साइंसेज रोहतक में ओपन मेरिट-कम-फिजिकल काउंसलिंग के माध्यम से किया जाएगा। काउंसलिंग प्रक्रिया विश्वविद्यालय की प्रवेश समिति द्वारा संचालित की जाएगी। मेरिट निर्धारण के लिए विद्यार्थियों द्वारा दी गई अंतिम परीक्षा के परिणामों को आधार बनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि काउंसलिंग के दौरान संस्थानों को रिक्त सीटों सहित वर्णानुक्रम में सूचीबद्ध किया जाएगा तथा प्रत्येक संस्थान में एक-एक विद्यार्थी का समायोजन इसी क्रम में किया जाएगा। सभी रिक्त सीटों के भर जाने के बाद यदि आवश्यकता पड़ी तो संबंधित कोर्स/संस्थान में एक बार के लिए सुपरन्यूमरेरी (अतिरिक्त) सीटें सृजित करने पर भी विचार किया जा सकेगा।

### सिंधड़ शिव मंदिर से दिनदहाड़े चांदी के दो मुकुट ले गए चोर

**बरवाला।** गांव सिंधड़ में स्थित शिव मंदिर में दिनदहाड़े चोरी हो गई है। अज्ञात चोर मंदिर में स्थापित भगवान के चांदी के दो मुकुटो की चोरी करके फरार हो गए। यह चोरी की पूरी घटना मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है। जानकारी के अनुसार दो युवक मंदिर परिसर में घुसे, जिनके चेहरे सीसीटीवी फुटेज में साफ दिखाई दे रहे हैं। हैरानी की बात यह है कि दोनों युवक पहले मंदिर में पहुंचे, पूजा-अर्चना की, मंदिर की परिक्रमा लगाई और इसके बाद मौका देखकर चांदी के मुकुटों की चोरी कर वहां से रफू चक्कर हो गए। इस चोरी की घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद ग्रामीणों में भारी रोष और चिंता का माहौल है। दिनदहाड़े मंदिर में चोरी होने से गांव में हड़कंप मच गया है। गांव सिधंड के गणमान्य लोगों ने चोरी की इस घटना में संलिप्त आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की है। पुलिस को गांव सिंधड़ के शिव मंदिर के पुजारी देवी दयाल शर्मा के नाम से अज्ञात चोरों के खिलाफ शिकायत दर्ज करवाई गई है। पुलिस टीम मौके पर पहुंची और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान शुरू कर दी।

### हेरोइन समेत दो गिरफ्तार

**हिसार/हांसी।** पुलिस ने अलग-अलग जगह से हहेरोइन समेत दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पहले आरोपी को पीरांवाली फ्लाईओवर के नीचे से गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान मंगत निवासी गांव पीरांवाली के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 10 ग्राम 650 मिलीग्राम हैरोइन बरामद की है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपी मंगत नशीला पदार्थ हैरोइन (चिट्टा) बेचने का काम करता है व आरोपी के खिलाफ पहले से भी एक अभियोग थाना भादरा राजस्थान में दर्ज है। उधर, सीआईए स्टाफ नारनौंद ने 6.15 ग्राम चिट्टा के साथ एक आरोपी को काबू किया है। आरोपी सतपाल उर्फ चौटाला निवासी बड़सी को अदालत में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। एएसआई अनिल कुमार ने बताया कि सीआईए पुलिस टीम गश्त व अपराध रोकथाम के दौरान हांसी साई कॉलोनी क्षेत्र में मौजूद थी। सूचना मिली कि सांई कालोनी में बड़सी निवासी सतपाल उर्फ चौटाला अपने मकान के सामने गली में नशीला पदार्थ बेच रहा है। पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो पुलिस को देखकर आरोपी तेज कदमों से अपने मकान की ओर बढ़ने लगा तो शक के आधार पर काबू कर उसके पास 6.15 ग्राम नशीला पदार्थ चिट्टा बरामद हुआ।

### बिठमड़ा का सब हेल्थ सेंटर होगा सीएचसी में अपग्रेड, मिली मंजूरी

**हिसार।** उकलाना क्षेत्र के गांव बिठमड़ा के सब हेल्थ सेंटर को कम्युनिटी हेल्थ सेंटर (सीएचसी) में अपग्रेड करने के प्रस्ताव को हरियाणा सरकार से मंजूरी मिल गई है। इस निर्णय से क्षेत्र के लोगों को बेहतर एवं विस्तृत स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध होंगी और इलाज के लिए दूर स्थित अस्पतालों पर निर्भरता कम होगी। भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ आशा खेदड़ के प्रयास से यह संभव हो पाया है। भाजपा जिला सोशल मीडिया प्रमुख एवं मार्केट कमेटी उकलाना के सदस्य अमर पातड़ बताया कि बिठमड़ा गांव के ग्रामीणों की मांग लंबे समय से लंबित थी, जिसे भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ. आशा खेदड़ के प्रयास से हरियाणा सरकार तक प्रभावी रूप से पहुंचाया गया। उन्होंने बताया कि विभागीय प्रक्रिया जारी है और शीघ्र ही निर्माण कार्य के लिए टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। सीएचसी बनने से बिठमड़ा सहित आसपास के गांवों के हजारों लोगों को विशेषज्ञ चिकित्सकीय सेवाएं, प्रसूति देखभाल, आपात चिकित्सा सुविधा तथा आधुनिक उपचार सुविधाएं स्थानीय स्तर पर मिल सकेंगी।

## अमेरिका से ट्रेड डील देश के किसानों के लिए डेथ वारंट : चढ़ूनी

- किसानों के मुद्दों पर शहर में किया प्रदर्शन
- ट्रेड डील की तुरंत वापसी और किसान संगठनों से चर्चा के बाद ही कोई निर्णय लेने की उठाई मांग

हरिभूमि न्यूज ⏩ हिसार

भारतीय किसान यूनियन (चढ़ूनी) के बैनर तले मंगलवार को किसानों ने प्रदर्शन किया। इस दौरान किसानों ने कृषि, चिकित्सा, शिक्षा और बिजली से जुड़े मुद्दों को लेकर सरकार के खिलाफ आवाज बुलंद की।

इसके बाद किसानों लघु सचिवालय में नगराधीश को ज्ञापन भी सौंपा। इससे पहले जिलेभर से किसान मंगलवार की सुबह क्रांतिमान पार्क में एकत्रित होने लगे। किसानों को संबोधित करते हुए किसान नेता गुरनाम सिंह चढ़ूनी ने केंद्र और प्रदेश सरकार पर निशाना साधा। चढ़ूनी ने भारत व अमेरिका के बीच हुई ट्रेड डील को किसानों के लिए डेथ वारंट करार दिया। उन्होंने कहा कि यह डील किसानों के हित में नहीं है। यदि विदेशी कृषि उत्पाद सस्ती दरों पर भारत में आए तो देश के किसानों को उनकी फसल का उचित मूल्य नहीं मिलेगा। इससे करोड़ों किसान आर्थिक संकट में फंस सकते हैं और देश की खाद्य सुरक्षा पर भी खतरा मंडरा सकता है।

उन्होंने मांग की कि इस डील को तुरंत वापस लिया जाए और किसान संगठनों से चर्चा के बाद ही कोई निर्णय लिया जाए। इस मौके पर किसान नेता चढ़ूनी ने 23 मार्च को पीपली में प्रस्तावित रैली के लिए किसानों को आमंत्रित किया। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि 23 मार्च से पहले मांगें पूरी नहीं हुईं तो अनाज मंडी पिपली, कुरुक्षेत्र से बड़ा आंदोलन शुरू किया जाएगा, जिसकी जिम्मेदारी सरकार की होगी।




हिसार। शहर में प्रदर्शन करते किसान संगठन। *फोटो : हरिभूमि*

## जिले में 118 केंद्रों पर 43306 परीक्षार्थी देंगे 10वीं व 12वीं की परीक्षा

# सीसीटीवी की निगरानी में आज से होंगी परीक्षाएं

**12वीं का आज अंग्रेजी का एग्जाम, 26 को मैथ के पेपर के साथ होगी 10वीं की परीक्षा**

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड ने 10वीं व 12वीं की परीक्षाओं बुधवार से शुरू होगी। बिना किसी बाहरी हस्तक्षेप तथा शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने की सभी तैयारियां पूरी कर ली है।

परीक्षाओं के मद्देनजर 1 अप्रैल तक सभी परीक्षा केंद्रों के 200 मीटर के दायरे में भारतीय नागरिक संहिता 2023 की धारा 163 लागू की गई है। कक्षा 12वीं की परीक्षा 25 फरवरी से 1 अप्रैल तक चलेगी, जबकि 10वीं की परीक्षा 26 फरवरी से 20 मार्च तक आयोजित की जाएगी। परीक्षा एक ही पारी में होगी। परीक्षा का समय दोपहर साढ़े 12 बजे से सायं साढ़े 3 बजे तक निर्धारित किया गया है। सभी परीक्षार्थियों को बोर्ड की तरफ से परीक्षा केंद्र पर आधा घंटे पहले पहुंचने के निर्देश दिए गए हैं। परीक्षाओं के लिए जिलेभर में 118 परीक्षा केंद्र बनाएं गए हैं, जिन पर 10वीं व 12वीं कक्षा के 43 हजार 306 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे।

जिले में 22726 दसवीं तथा 20580 परीक्षार्थी 12वीं की परीक्षा में बैठेंगे। सभी 118 परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी से निगरानी होगी। इसके अलावा परीक्षा केंद्र पर उड़नदस्तों तथा पर्याप्त पुलिस बल की भी तैनाती की गई है। किसी भी आकस्मिक परिस्थितियों से निपटने के लिए 22 स्कूल को रिजर्व श्रेणी में भी रखा गया है। जिला मुख्यालय हिसार में प्रश्न-पत्रों के सुरक्षित भंडारण, वितरण संग्रहण के लिए पटेल नगर स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय को आधिकारिक नियंत्रण केंद्र घोषित किया गया है।

**जानें... कक्षा और श्रेणियां**

| | |
|---|---|
| **कक्षा 10वीं में कुल परीक्षार्थी** | **22726** |
| रेगुलर श्रेणी में कुल छात्र | 11000 |
| रेगुलर श्रेणी में कुल छात्राएं | 10419 |
| प्राइवेट श्रेणी में छात्र | 345 |
| प्राइवेट श्रेणी में छात्राएं | 162 |
| ओपन श्रेणी में छात्र | 520 |
| ओपन श्रेणी में छात्राएं | 280 |
| **कक्षा 12वीं में कुल परीक्षार्थी** | **20580** |
| रेगुलर श्रेणी में कुल छात्र | 8817 |
| रेगुलर श्रेणी में कुल छात्राएं | 9335 |
| प्राइवेट श्रेणी में छात्र | 328 |
| प्राइवेट श्रेणी में छात्राएं | 49 |
| ओपन श्रेणी में छात्र | 1463 |
| ओपन श्रेणी में छात्राएं | 588 |

**फोटोस्टेट की दुकान रहेंगी बंद**

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी द्वारा ली जाने वाली परीक्षाओं के मद्देनजर 1 अप्रैल तक जिला हिसार के सभी परीक्षा केंद्रों के 200 मीटर के दायरे में भारतीय नागरिक संहिता 2023 की धारा 163 लागू की गई है। जिले में बनाए गए सभी परीक्षा केंद्रों के आसपास 200 मीटर की परिधि में नागरिकों की भीड़ एकत्रित होने पर पाबंदी लगाई गई है।परीक्षा केंद्र के 200 मीटर के एरिया में पांच या उससे ज्यादा लोगों के इकट्ठा होने, मोबाइल, पेनड्राइव और दूसरे कम्युनिकेशन के साधन, फायर आर्म्स, तलवारें, गंडासा, लाठी, बरछा, कुल्हाड़ी, जाली, चाकू और दूसरे हथियार ले जाने पर रोक लगाई गई है। इसके अलावा परीक्षा की तिथि वाले दिन परीक्षा केंद्र के आस-पास 200 मीटर की परिधि में परीक्षा अवधि के दौरान फोटोस्टेट के व्यवसाय पर प्रतिबंध लगाया जाता है।

### श्रीगंगानगर-ईदगाह-श्रीगंगानगर स्पेशल ट्रेन 4 से वाया हिसार चलेगी

- रेलवे ने होली पर्व पर अतिरिक्त यातायात को देखते लिया फैसला

हरिभूमि न्यूज ⏩ हिसार

रेलवे द्वारा होली पर्व पर अतिरिक्त यातायात को देखते हुए यात्रियो की सुविधा के लिए वाया हिसार श्रीगंगानगर-ईदगाह(आगरा)-श्रीगंगानगर स्पेशल रेलसेवा का संचालन 4 मार्च से किया जाएगा। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी अमित सुदर्शन के अनुसार गाड़ी संख्या 04733, श्रीगंगानगर-ईदगाह (आगरा) साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा 04 मार्च से 25 मार्च तक (04 ट्रिप) श्रीगंगानगर से बुधवार को 14.30 बजे रवाना होकर गुरूवार को 05.15 बजे ईदगाह पहुंचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 04734, ईदगाह (आगरा)-श्रीगंगानगर साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा 05 मार्च से 26 मार्च तक (04 ट्रिप) ईदगाह से गुरूवार को 07.30 बजे रवाना होकर शुक्रवार को 02.30 बजे श्रीगंगानगर पहुंचेगी।

उन्होंने बताया कि यह रेलसेवा मार्ग में अबोहर, मलौत, बठिंडा, रमन, कालांवाली, सिरसा, भट्टू, मंडी आदमपुर, हिसार, हांसी, भिवानी, चरखी दादरी, रेवाड़ी, अलवर, रामगढ, गोविन्दगढ, बृजनगर, डींग, गोवर्धन, मथुरा व अछनेरा स्टेशनों पर ठहराव करेगी। इस रेलसेवा में 01 सैकेंड ए.सी., 05 थर्ड ए.सी., 02 थर्ड ए.सी. इकोनोमी, 05 द्वितीय शयनयान, 04 साधारण श्रेणी व 02 पॉवरकार डिब्बों सहित 19 डिब्बे होंगे।



# भूत बंगला से सामने आया अक्षय का नया लुक...

**मुंबई।** अक्षय कुमार की आगामी फिल्म 'भूत बंगला' अपनी घोषणा के बाद से ही लगातार चर्चाओं में बनी हुई है। इस हॉरर-कॉमेडी फिल्म के जरिए अक्षय कुमार और निर्देशक प्रियदर्शन की हिट जोड़ी 16 साल बाद बड़े पर्दे पर वापसी कर रही है। मंगलवार को मेकर्स ने फिल्म का एक नया मोशन पोस्टर जारी किया है। मेकर्स की ओर से जारी किए गए फिल्म के नए मोशन पोस्टर में अक्षय कुमार एक डरावने सिंहासन पर बैठे नजर आ रहे हैं। इस सिंहासन पर डरावने भूतों के सिर बने हुए हैं, जो मुंह फैलाते नजर आ रहे हैं।आंखों पर काला चश्मा लगाए अक्षय अपने गले और हाथों में कई रुद्राक्ष और अन्य मालाएं पहने हुए हैं।



लाइफ Style

# तमन्ना

## खुद का प्रीमियम जूलरी ब्रांड किया लॉन्च

एजेंसी ▶▶ मुंबई

तमन्ना भाटिया ने हाल ही में अपना खुद का प्रीमियम जूलरी ब्रांड 'तमन्ना फाइन जूलरी' लॉन्च किया है। 'शुगर' कॉस्मेटिक्स की सीईओ और को-फाउंडर विनीता सिंह ने कहा- अगर आप शार्क टैंक इंडिया में होतीं तो मैं अपने सारे निवेश आपके ब्रांड में लगा देती।'

बॉलीवुड में ऐसे सितारों की कोई कमी नहीं जो एक्टिंग के साथ-साथ अलग-अलग तरह के बिजनेस में भी अपनी पहचान बनाने में जुटे हुए हैं। हाल ही में तमन्ना भाटिया ने भी इस लिस्ट में अपनी जगह बनाई है, जिसमें उन्होंने 'तमन्ना फाइन जूलरी' नाम से अपना खुद का प्रीमियम जूलरी ब्रांड लॉन्च किया है। हाल ही में एक बातचीत में तमन्ना ने भारत में कई सेलिब्रिटी-आधारित ब्रांड की असफलता पर बात करते हुए कहा कि खुद को वैसी असफलता से बचाने के लिए अपने ब्रांड के साथ शुरू से अंत तक गहराई से जुड़ी रहने के लिए तैयार हैं। 'शुगर' कॉस्मेटिक्स की सीईओ और को-फाउंडर विनीता सिंह के पॉडकास्ट पर बातचीत करते हुए तमन्ना ने कहा, 'मैं खुद को एक सेलिब्रिटी के रूप में नहीं देखती जो ब्रांड बना रही है। मैं खुद को एक फाउंडर के रूप में देखती हूं, जो इस ब्रांड को खड़ा करने की कोशिश कर रही है। कोई भी सिर्फ मेरे चेहरे के लिए इस तरह के महंगे उत्पाद में पैसा नहीं लगाएगा। मैं प्रॉडक्ट के प्रति ईमानदार हूं और अगर मेरा मकसद सिर्फ पैसा कमाना होता तो मैं कोई और कैटिगरी चुन सकती था। मैं इसकी जगह कोई ऐसा प्रॉडक्ट बना सकती थी जो बहुत फेमस होता और लोगों को खूब बिकता।'

हॉलीवुड मसाला



# अभिनय की दुनिया से खास नाता

**लॉस एंजिल्स।** मशहूर एक्टर रॉबर्ट कैराडाइन ने 71 वर्ष की आयु में अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। 'रिवेंज ऑफ द नर्ड्स 'और 'लिजी मैकगायर' ने एक्टर को काफी पॉपुलर कर दिया था। रॉबर्ट अपने मानसिक स्वास्थ से काफी समय से जूझ रहे थे। रॉबर्ट कैराडाइन घर के सबसे छोटे बेटे थे। उनके पिता जॉन कैराडाइन एक मशहूर अमेरिकी अभिनेता थे। एक्टर के परिवार के ज्यादातर सदस्य फिल्मी दुनिया का हिस्सा रहे हैं। 1972 में जॉन वेन के साथ फिल्म 'द काउबॉयज'के साथ अपने अभिनय की शुरुआत की थी।



# इंडिया में परफॉर्म करने के लिए तैयार शकीरा...

**लॉस एंजिल्स।** ग्लोबल स्टार शकीरा इस साल भारत में फिर से एक बार शानदार परफॉरमेंस देने वाली हैं। इस बात की पुष्टि होने के बाद उनके फैंस काफी ज्यादा एक्साइटेड नजर आ रहे हैं। उन्होंने पिछली बार 2007 में इंडिया में परफॉर्म किया था। अब 19 साल बाद फिर से शकीरा अपना जलवा बिखेरने इंडिया आ रही हैं। लैटिन पॉप की ग्लोबल स्टार शकीरा इस अप्रैल भारत में लगभग 19 साल बाद धमाकेदार वापसी करने जा रही हैं। दिल्ली और मुंबई में शकीरा का कॉन्सर्ट होने वाला है। 2007 में अपने 'ऑरल फिक्सेशन टूर'के दौरान मुंबई में यादगार शो करने के बाद यह उनका पहला बड़ा कॉन्सर्ट होगा। रिपोर्ट्स के मुताबिक, उनका दिल्ली कॉन्सर्ट 15 अप्रैल 2026 को होने की संभावना है, हालांकि आयोजक जल्द ही इसकी आधिकारिक तारीख की घोषणा करेंगे।



# ईशा की इश्कां दे लेखे का ट्रेलर रिलीज

**मुंबई।** भारतीय एक्ट्रेस , मॉडल, डांसर, लोकप्रिय सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर और बिग बॉस 17 फेम ईशा मालवीय की पहली फिल्म 'इश्कां दे लेखे' का ऑफिशियल ट्रेलर सोमवार को रिलीज कर दिया गया। एक्ट्रेस रोमांटिक पंजाबी फिल्म से बड़े पर्दे पर डेब्यू करने के लिए तैयार हैं। चैनल ने मूवी का ट्रेलर रिलीज करते हुए डिस्क्रिप्शन में लिखा, 'एक बार फिर प्यार में पड़ने के लिए तैयार हो जाइए! स्पीड रिकॉर्ड्स प्रस्तुत करता है 2026 की सबसे बहुप्रतीक्षित पंजाबी प्रेम कहानी 'इश्कां दे लेखे' का ट्रेलर। शानदार गुरनाम भुल्लर और खूबसूरत ईशा मालवीय अभिनीत यह पंजाबी फिल्म उन सभी लोगों के लिए बनाई गई है, जिन्होंने कभी दिल से प्यार किया है।' मनवीर बरार की निर्देशित, 'इश्कां दे लेखे' बड़े पर्दे पर पंजाबी रोमांस को एक नई परिभाषा देने के लिए तैयार है।



# राजामौली-महेश में हुआ झगड़ा...

**मुंबई।** रामगोपाल वर्मा ने अपने एक्स (ट्विटर) अकाउंट पर एक वीडियो मंगलवार को पोस्ट किया। इस वीडियो में बाहुबली फेम डायरेक्टर एसएस राजामौली और साउथ के सुपरस्टार महेश बाबू जमकर लड़ रहे हैं। एक-दूसरे को पटपटकर मार रहे हैं। आखिर दोनों ऐसा क्यों कर रहे हैं। और इस बात को लेकर क्यों रामगोपाल वर्मा कह रहे हैं कि सिनेमा मर चुका है। दरअसल यह वीडियो किसी ने एआई से बनाया है। यह वीडियो बिल्कुल रियल और मजेदार लग रहा है। लेकिन एक निर्देशक होने के नाते रामगोपाल वर्मा को यह बात पसंद नहीं आई है। सिनेमा में एआई के ऐसे दखल से वह शायद नाराज हैं, इस वजह से उन्होंने पोस्ट में लिखा- सिनेमा मर चुका है। रामगोपाल वर्मा से पहले कई डायरेक्टर्स ने सिनेमा में एआई के इस्तेमाल पर सवाल किए।

टीवी मसाला



# कॅरियर के सबसे चैलेंजिंग रोल में से एक है सूबेदार : अनिल

**मुंबई।** अनिल कपूर की मच-अवेटेड फिल्म 'सूबेदार' अमेजन प्राइम वीडियो पर प्रीमियर के लिए तैयार है। सोमवार को मुंबई में फिल्म का ट्रेलर लॉन्च हुआ। इस मौके पर अनिल कपूर ने 'सूबेदार' में काम करने के अपने अनुभव के बारे में बताया।अनिल कपूर ने कहा, 'यह फिल्म मेरे लिए बहुत खास है। यह रोल मेरे लिए मेरे कॅरियर के सबसे चैलेंजिंग रोल में से एक है। मैंने इसे हमेशा की तरह पूरे दिल और जान से किया है। मैंने अपनी तरफ से कड़ी मेहनत की है। जैसा कि मैं हमेशा करता हूं। मुझे उम्मीद है कि आपको यह फिल्म और हमारा काम पसंद आएगा।' ट्रेलर में दिखाया गया है कि अनिल कपूर एक रिटायर्ड आर्मी ऑफिसर के रोल में हैं। वह एक शहर में आते हैं, जहां गुंडाराज चल रहा है। मोना सिंह एक माफिया यानी दीदी के रोल में हैं। उसका एक भाई है, जो लोगों पर जुल्म करता है। एक दिन वह अनिल कपूर की बेइज्जती कर देता है। उसके बाद एक्शन शुरू होता है। सूबेदार एक एक्शन फिल्म है। इसका निर्देशन सुरेश त्रिवेणी ने किया है। इसमें अनिल कपूर के अलावा मोना सिंह, राधिका मदान, सौरभ शुक्ला, मोना सिंह, आदित्य रावल, फैजल मलिक और खुशबू सुंदर भी हैं। यह फिल्म 5 मार्च को स्ट्रीम होगी। सूबेदार के अलावा अनिल कपूर कई प्रोजेक्ट्स में व्यस्त हैं। वह पिछले साल फिल्म 'वॉर 2' में नजर आए थे।

## शादी की चर्चा के बीच दुबई में नजर आई तान्या



**नई दिल्ली।** बिग बॉस 19 फेम तान्या मित्तल हाल ही में लहंगे की शॉपिंग करती नजर आईं। जिसके बाद उनकी शादी को लेकर अटकलें लगनी लगीं। इसी बीच अब वह दुबई में हैं। एक वीडियो भी तान्या मित्तल ने साझा किया है। तान्या मित्तल ने रियलिटी शो 'बिग बॉस 19' में दर्शकों का खूब मनोरंजन किया था। अपनी अमीरी के किस्से वह शो में सुनाया करती थीं। हाल ही में वह दिल्ली के चांदनी चौक में लहंगे खरीदती दिखीं। लाल रंग का लहंगा भी तान्या से ट्राई किया। इसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर मौजूद है। इसके बाद ही तान्या मित्तल के फैंस को लगा कि वह शादी करने वाली हैं। दुबई का वीडियो देखकर भी तान्या से फैंस ने पूछा कि वह अपने दूल्हे से कब मिलवा रही हैं। तान्या मित्तल अक्सर कहती हैं कि वह काफी अमीर हैं। लेकिन कई लोगों को लगता है कि वह झूठ बोलती हैं। लेकिन सोमवार को तान्या ने दुबई का एक वीडियो शेयर किया, जिसमें वह एक आलीशान होटल में ठहरी हैं और काफी महंगा ब्रेकफास्ट कर रही हैं।

# शहंशाह अकबर के रोल के लिए नंगे पैर गर्म रेत पर चलते थे पृथ्वीराज कपूर

*नई दिल्ली। पृथ्वीराज कपूर के पोते जतिन कपूर ने हाल ही में अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर 'मुगल-ए-आजम' में मशहूर 'शहंशाह वाली चाल' के पीछे की दिलचस्प और प्रेरणा देने वाली कहानी बताई। उन्होंने बताया कि फिल्म में मशहूर एक्टर की चाल पूरी लगन और लगातार प्रैक्टिस से पूरी हुई। पृथ्वीराज कपूर के लगन के बारे में बताते हुए जतिन ने कहा, 'फिल्म 'मुगल-ए-आजम' में, पहले ही सीन में शहंशाह को तपती रेगिस्तान की रेत में नंगे पैर चलते हुए दिखाया गया है। उस वॉक के लिए, मेरे नानाजी पृथ्वीराज कपूर ने बहुत रिहर्सल की थी। मुंबई की गर्मी में वह मुंबई के जुहू बीच पर 300 से 400 मीटर तक गर्म रेत पर नंगे पैर चलने की प्रैक्टिस करते थे।'*



## ज़िंदगी में कई शानदार रोल किए

अपने नानाजी के पैशन के बारे में बताते हुए उन्होंने कहा, 'पृथ्वीराज कपूर ने अपनी ज़िंदगी में कई शानदार रोल किए। उनकी तैयारी के पीछे की कहानियां भी उतनी ही शानदार हैं। जो इंसान अपने काम से सच्चा प्यार करता है और उसके लिए पैशन रखता है, वह किसी भी हद तक जा सकता है। उन्होंने अपने काम के प्रति अपने प्यार और डेडिकेशन के लिए अपने पैरों की कुर्बानी दे दी। अपना नोट खत्म करते हुए, जतिन ने कहा, 'सुनने के लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद. मैं आप सभी का शुक्रगुजार हूं. मैं हमेशा रहूंगा।

## चप्पल पहनने से मना कर दिया

उन्होंने आगे बताया, 'जब सीन आखिरकार शूट हुआ, तो वह बिल्कुल वैसा ही था जैसा बताया गया था। यहां तक कि क्लोज-अप शॉट्स में भी, जहां उनके पैर नहीं दिख रहे थे। उन्होंने चप्पल पहनने से मना कर दिया। वह पूरी तरह असली दिखना चाहते थे। वॉक को फाइनल करने के प्रोसेस के बारे में बात करते हुए, जतिन ने कहा, कई दिनों तक प्रैक्टिस करने के बाद, उन्होंने पृथ्वी थिएटर के अपने कुछ साथियों को बुलाया और उन्हें अपनी वॉक देखने के लिए वहां खड़ा कर दिय।. वह बार-बार चलते रहे, जब तक किसी ने यह नहीं कहा कि अब ऐसा नहीं लग रहा कि पृथ्वीराज कपूर चल रहे हैं, बल्कि खुद शहंशाह चल रहे हैं। तभी उन्होंने वह चाल ठीक की।

# अमिताभ ने दिखाई कल्कि 2 के सेट की तस्वीरें

**मुंबई।** बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन ने 83 साल की उम्र में भी काफी एक्टिव हैं। उन्होंने अब नाग अश्विन की फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' के सीक्वल के लिए शूटिंग शुरू कर दी है। फिल्म 'कल्कि' में अमिताभ बच्चन पौराणिक किरदार अश्वत्थामा के रोल में दिखे थे। अब अमिताभ ने 'कल्कि 2' की शूटिंग शुरू कर दी है अमिताभ बच्चन ने 'कल्कि 2' के सेट से अपनी कई शानदार तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों में से एक में वो कमल हासन से गले लगते दिख रहे हैं। पर्दे के पीछे की इन तस्वीरें को शेयर करते हुए उन्होंने 40 साल बाद कमल हासन के साथ फिर से काम करने पर खुशी जाहिर की है। इस बार अमिताभ करीब चार दशकों के बाद एक कमल हासन के साथ स्क्रीन शेयर करेंगे। अमिताभ ने इन झलकियों को शेयर करते हुए लिखा है, 'और महान कमल हासन से मुलाकात... हम सालों बाद साथ काम करेंगे। उन्होंने बताया कि आखिरी बार फिल्म 'गिरफ्तार' में दोनों ने साथ काम किया था। यानी साफ है कि पिछली फिल्म की शूटिंग के दौरान दोनों एक्टर की मुलाकात नहीं हो पाई। अमिताभ ने फिल्म को




लेकर कहा है, 'कल्कि 2 ने काम शुरू कर दिया है... और रविवार को उनकी उपस्थिति की प्रतीक्षा में हमेशा प्यार और स्नेह को संजो कर रखेंगे... लेकिन उम्मीद है कि आने वाले रविवार को हम सभी के साथ होंगे।' यहां बता दें कि इस शूटिंग की वजह से पिछले रविवार को अमिताभ अपने फैन्स से मिलने घर से बाहर नहीं निकले थे और बरसों की परंपरा टूट गई।

## परिवार को नहीं था मंजूर संगीत का रास्ता

# 6 रुपए में गाया पहला गाना, दर्द भरी आवाज से जीता देश का दिल

*नई दिल्ली। भारतीय फिल्म संगीत की दुनिया में कुछ आवाजें समय के साथ पुरानी नहीं पड़तीं, बल्कि और गहरी होती चली जाती हैं। ऐसी ही दिल को छू लेने वाली आवाज थी तलत महमूद की। उनकी गायकी में दर्द भी था, मिठास भी थी, और शायरी की खूबसूरती भी, लेकिन बहुत कम लोग जानते हैं कि जिस आवाज ने लाखों लोगों के दिल जीते, कभी उसी आवाज को अपने पहले गाने के लिए सिर्फ छह रुपए मिले थे। तलत महमूद का जन्म 24 फरवरी 1924 को लखनऊ में एक रूढ़िवादी मुस्लिम परिवार में हुआ था। उनके परिवार में संगीत को अच्छा पेशा नहीं माना जाता था, लेकिन बचपन से ही तलत को गाने का शौक था। वे रात-रात भर चलने वाले संगीत कार्यक्रमों में बैठते और बड़े गायकों को ध्यान से सुनते थे। कम उम्र में ही उनकी आवाज में एक अलग तरह की मिठास थी. यही मिठास आगे चलकर उनकी पहचान बनी।*



## मीर और दाग जैसे शायरों की गजलें गाते थे

उन्होंने ऑल इंडिया रेडियो, लखनऊ से गाना शुरू कर दिया। वे मीर और दाग जैसे शायरों की गजलें गाते थे। साल 1941 में उनका पहला गाना रिकॉर्ड हुआ। यह गाना ग्रामोफोन कंपनी एचएमवी के लिए था और इसके बदले उन्हें महज 6 रुपए मेहनताना मिला था। आज के समय में यह रकम बहुत छोटी लगती है, लेकिन उसी छोटे से भुगतान ने एक बड़े सफर की शुरुआत की। उनकी आवाज इतनी पसंद की गई कि लोग उनसे और गानों की मांग करने लगे।

## कुछ फिल्मों में अभिनय भी किया

1944 में उनका गाना 'तस्वीर तेरी दिल मेरा बहला न सकेगी' काफी लोकप्रिय हुआ। इसके बाद वे कलकत्ता चले गए, जहां उन्होंने कुछ फिल्मों में अभिनय भी किया और गाने भी गाए। उस दौर में वे 'तपन कुमार' नाम से भी गाते थे। 1949 में वे मुंबई आ गए और यहीं से उनका असली सुनहरा दौर शुरू हुआ। 1950 और 1960 के दशक में वे हिंदी फिल्मों के सबसे पसंदीदा गायकों में गिने जाने लगे। उनके गाने इतना न मुझसे तू प्यार बढ़ा, फिर वही शाम, वही गम, ये हवा ये रात, मिलते ही आंखें दिल हुआ दिवाना और तस्वीर बनाता हूं जैसे गाने लोगों के दिलों में उतर गए।



## पद्म भूषण से हुए सम्मानित

उन्हें 1992 में भारत सरकार ने पद्म भूषण से सम्मानित किया। यह सम्मान उनके लंबे और शानदार योगदान की पहचान था। उन्होंने लगभग चार दशकों तक गाया और सैकड़ों गीतों को अपनी आवाज दी। 9 मई 1998 को 74 साल की उम्र में उनका निधन हो गया, लेकिन उनकी आवाज आज भी रेडियो, टीवी और संगीत प्रेमियों के दिलों में जिंदा है।

## दिलीप कुमार के लिए कई गानों में आवाज दी

उनकी आवाज अभिनेता दिलीप कुमार पर खास तौर पर जंचती थी। उन्होंने दिलीप कुमार के लिए कई गानों में आवाज दी, जिनमें 'हमसे आया न गया', ऐ दिल मुझे ऐसी जगह ले चल, हम दर्द के मारों का, कोई नहीं मेरा इस दुनिया में और सीने में सुलगते हैं अरमां जैसे गाने शामिल हैं। तलत महमूद की खास बात यह थी कि वे गानों के बोल को बहुत ध्यान से पढ़ते थे। अगर उन्हें शब्द अच्छे नहीं लगते तो वे गाना गाने से मना कर देते थे। हालांकि, समय के साथ संगीत का रुख बदला और तेज, ऊंची आवाज वाले गीत ज्यादा पसंद किए जाने लगे। इससे उनका कॅरियर थोड़ा धीमा पड़ गया, लेकिन उनकी पहचान कभी कम नहीं हुई।

## खबर संक्षेप

### स्वास्थ्य और स्वच्छता के प्रति किया जागरूक

**हिसार।** भारतीय स्टेट बैंक क्षेत्रीय व्यवसाय कार्यालय द्वारा गांव भाटला और मिर्जापुर के सरकारी स्कूलों में विशेष कार्यक्रमों का आयोजन कर छात्राओं के स्वास्थ्य और व्यक्तिगत स्वच्छता को बढ़ावा दिया गया। कार्यक्रम के छात्राओं को सेनेटरी पैड वितरित किए गए। साथ ही स्वच्छता के स्थायी समाधान के लिए दोनों स्कूलों में 2-2 आधुनिक इंसीनरेटर भी स्थापित की गईं। इस अवसर पर वरिष्ठ मैनेजर सुनील कुमार, भाटला शाखा प्रबंधक प्रियंका, अमित कुमार, बाबू राम, प्रिंसिपल रमेश सहरावत, प्रिंसिपल राजकुमार, संजू चैधरी, रेखा, सिंपल आदि उपस्थित रहे।

### बजट देश के विकास का रोडमैप : प्राचार्य

**नारनौंद।** राजकीय महाविद्यालय, खेड़ी चौपटा के वाणिज्य विभाग द्वारा मंगलवार को 'केंद्रीय बजट जागरूकता' अभियान के तहत एक विशेष पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य अनिल मेहता ने छात्रों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि बजट केवल आंकड़ों का खेल नहीं है, बल्कि यह देश के विकास का रोडमैप है। एनएसई मास्टर ट्रेनर जगदीप पंघाल ने मुख्य व्याख्यता के रूप में शिरकत की। असिस्टेंट प्रोफेसर पिंकी ने बजट की बारीकियों पर ध्यान केंद्रित किया। असिस्टेंट प्रोफेसर राम निवास और पूनम ने भी विद्यार्थियों का ज्ञानवर्धन किया।

### ठसका के शिविर में 107 लोगों ने किया रक्तदान

**हिसार।** निकटवर्ती गांव ठसका में स्वर्गीय कविता देवी ढाका की दूसरी पुण्यतिथि पर आयोजित रक्तदान शिविर में ग्राम वासियों के सहयोग से 107 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया। रक्तदान शिविर का शुभारंभ जयपाल ढाका, कॉमेडियन महावीर चौधरी तथा अंतरराष्ट्रीय तैराक सुरेंद्र ढाका द्वारा किया गया। इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए अतिथियों ने रक्तदान को महादान बताते हुए अधिक से अधिक लोगों को इस पुनीत कार्य से जुड़ने का आह्वान किया। कार्यक्रम में सरपंच अजमेर सिंह, पूर्व सरपंच रामपत, पूर्व सरपंच धन सिंह, सरपंच विनोद बेनीवाल गांव चूली बागडियान, पूर्व सरपंच रोशन गांव भट्टू मंडी, सरपंच मुकेश जगान, जिला पार्षद अजय धुंधवाल कुलेरी आदि थे।

### सोसायटी ने आश्रम में वितरित की खाद्य सामग्री

**हिसार।** नारायणी वेलफेयर सोसायटी द्वारा अपनी वरिष्ठ सदस्या स्वर्गीय अंजना मित्तल की स्मृति में प्रयास महिला आश्रम में खाद्य सामग्री एवं अन्य आवश्यक वस्तुओं का वितरण किया गया। संस्थापिका अध्यक्ष डॉ. गुंजन गोयल ने बताया कि संस्था निरंतर महिलाओं और बच्चों के कल्याण के लिए कार्यरत है। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय अंजना मित्तल का संस्था के सामाजिक कार्यों में विशेष योगदान रहा है। उनका जीवन सेवा, समर्पण और समाजहित की भावना से प्रेरित था, जिसे संस्था आगे भी अपने कार्यों के माध्यम से जीवित रखेगी। इस अवसर पर रितु सिंगल, सीमा चौहान, उषा शर्मा, शालू वर्मा एवं मोनिका वर्मा ने कहा कि भविष्य में भी संस्था इसी प्रकार सेवा कार्यों को निरंतर जारी रखेगी।

---

हकृवि में हरियाणा स्टेट काउंसिल फॉर साइंस इनोवेशन एंड टेक्नोलॉजी के सहयोग से साइंस कॉन्क्लेव संपन्न

*साइंस कॉन्क्लेव में विद्यार्थियों ने किया आधुनिक तकनीक पर आधारित अपनी प्रतिभा का बेहतर प्रदर्शन*

# समाज के भले के लिए किए जाएं वैज्ञानिक अनुसंधानः प्रो. काम्बोज

- प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विभिन्न स्कूलों-कॉलेजों के विद्यार्थियों को पुरस्कृत भी किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में हरियाणा स्टेट काउंसिल फॉर साइंस इन्नोवेशन एंड टेक्नोलॉजी के सहयोग से मौलिक विज्ञान एवं मानवीकी महाविद्यालय में एग्री साइंस, इन्नोवेशन फॉर सस्टेनेबल फ्यूचर विषय पर साइंस कॉन्क्लेव 2025-26 संपन्न हुआ।

कार्यक्रम के समापन अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो काम्बोज बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे जबकि विज्ञान भारती नॉर्थ जोन के रीजनल ऑर्गेनाइजिंग सेक्रेटरी, आकाश पांडे विशिष्ट अतिथि के तौर पर मौजूद रहे। कुलपति प्रो. काम्बोज ने अपने सम्बोधन में कहा कि वैज्ञानिकों द्वारा किए जाने वाले शोध लैब से लैंड तक पहुंचने चाहिए। इस मौके पर स्कूलों एवं कॉलेजों के विद्यार्थियों की विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने आधुनिक तकनीक पर आधारित अपनी प्रतिभा का बेहतर प्रदर्शन किया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत भी किया गया है।



हिसार। विजेताओं को सम्मानित करते मुख्यातिथि कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज।

#### स्लोगन में एफसी कॉलेज से हीनू प्रथम

भाषण में कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर, कौल के प्रभप्रीत सिंह प्रथम व कॉलेज ऑफ बायोटेक्नोलॉजी की खुशी शर्मा या सीआरएम जाट कॉलेज, हिसार की तन्वी द्वितीय स्थान पर रहे। स्लोगन में स्कूल स्तर पर सीआर पब्लिक स्कूल हिसार से भूमन्यु प्रथम एवं लाहौरिया स्कूल हिसार से नव्या व ठाकुर दास भार्गव सीनियर सेकेंडरी मॉडल स्कूल हिसार से प्रांजल द्वितीय स्थान पर रहे। कॉलेज स्तर पर एफसी कॉलेज से हीनू प्रथम व गुरु गोरखनाथ जी गवर्नमेंट कॉलेज हिसार से सुप्रिय तथा ओम स्टर्लिंग ग्लोबल यूनिवर्सिटी, हिसार से मोरवी द्वितीय स्थान पर रहे।

#### इस प्रकार रहे स्पर्धाओं के परिणाम

पोस्टर प्रतियोगिता में स्कूल स्तर पर ब्लूमिंग डेल्स स्कूल, हिसार के रूद्र प्रथम तथा मोगा देवी मिंढा मेमोरियल स्कूल, हिसार से अग्रिम द्वितीय स्थान पर रहे। इसी प्रकार कॉलेज स्तर पर कालेज ऑफ बायोटेक्नोलोजी से सिमरन प्रथम व सीआरएम जाट कालेज, हिसार से उमंग तथा एफसी कालेज फॉर वुमन, हिसार से निहारिका द्वितीय स्थान पर रहे। मॉडल प्रतियोगिता में स्कूल स्तर पर कैंपस स्कूल से ज्योति यादव, रिद्धि मित्तल, भुवनेश प्रथम एवं ठाकुर दास भार्गव सीनियर सेकेंडरी मॉडल स्कूल, हिसार से प्रियंका शर्मा व विकास शर्मा द्वितीय स्थान पर रहे। इसी प्रकार के कॉलेज स्तर पर कॉलेज ऑफ बेसिक साइंस के पीएचडी छात्र कमलजीत, विशाल, मनोज तथा पीजी के रुशाली विकास विश्वासरो, पूजा कुरानिंग, हिमांशी प्रथम और कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर बावल के आदित्य मोहली, अमन, कमलजीत, प्रकृति व ओडीएम कॉलेज, हिसार से निशा, नीतू एवं दीपिका द्वितीय स्थान पर रहे।

#### एमडीएम स्कूल के छात्रों की रंगोली सबसे सुंदर

रंगोली प्रतियोगिता में स्कूल स्तर पर एमडीएम मेमोरियल स्कूल हिसार से राजन, मुस्कान, अग्रिम प्रथम व सेंट मैरी स्कूल, हिसार से अंकित, आस्था, भाविका द्वितीय स्थान पर रहे। इसी प्रकार कॉलेज स्तर पर कॉलेज ऑफ बेसिक साइंस के पीएचडी स्टूडेंट कोमल रानी, प्रियंका, अर्चना या ओम स्टर्लिंग ग्लोबल यूनिवर्सिटी, हिसार से यूजी स्टूडेंट सोनिका, आंचल, राहुल प्रथम स्थान पर रहें व कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर, हिसार के यूजी स्टूडेंट अग्रीनी रत्ना, मनोज, कामिया द्वितीय स्थान पर रहें।

---

## भाजपा लोगों को गुमराह कर सरकारी योजनाएं बंद करने में जुटी : दिग्विजय



**नारनौंद।** भाजपा ने लोगों को फायदा पहुंचाने के लिए चलाई के लिए योजनाओं पर कैंची चलाने का काम करके उनको बंद करने पर उतारू हैं लेकिन हम जनता के हकों की लड़ाई सड़कों पर उतरकर लड़ने का काम करेंगे। यह बात जजपा के युवा प्रदेशाध्यक्ष दिग्विजय चौटाला ने गांव पेटवाड़ में युवा जिलाध्यक्ष हर्ष पेटवाड़ द्वारा आजोजित कार्यकर्ता सम्मेलन के दौरान संबोधित करते हुए कहें। इस दौरान उनको किसान की बैलगाड़ी में ढोल नगाड़ों के स्वागत करते हुए कार्यक्रम स्थल तक लाया गया। चौटाला ने कहा कि भाजपा की किसान व मजदूर विरोधी नीतियों को लेकर 13 मार्च को हांसी में विशाल रैली का आयोजन कर सरकार को हिलाने का काम किया जाएगा। इस अवसर पर जिला प्रधान अमित बूरा, धर्मबीर सिहाग, ईश्वर सिंघवा, ओमप्रकाश खरबला, सुभाष बेरवाल, भगत सिंह, अजीत, योगेश गौतम, लोकेश, बाली भाटोल, जिला पार्षद सुनील माजरा आदि मौजूद थे।

## राधा और कृष्ण संग अग्रोहा धाम में खेली जाएगी फूलों की होली : गर्ग

- अग्रोहा धाम में होली मिलन समारोह 1 मार्च को, तैयारियों को लेकर की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

वैश्य समाज के प्रतिनिधियों की बैठक अग्रोहा धाम वैश्य समाज के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बजरंग गर्ग की अध्यक्षता में हुई। बैठक में अग्रोहा धाम में होने वाले होली मिलन समारोह की तैयारियां व अग्रोहा धाम के विकास बाबत विचार किया गया।

गर्ग ने कहा कि अग्रोहा धाम में होली मिलन समारोह 1 मार्च को राधा कृष्ण संग मनाई जाएगी। जिसमें भव्य फूलों की होली मनाई जाएगी। समारोह में हरियाणा, पंजाब व राजस्थान के कलाकारों द्वारा संस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी जाएगी। गर्ग ने कहा कि भगवान श्री कृष्ण जी और राधा रानी जी की लीलाएं हमारे जीवन में प्रेम,आनंद और सकारात्मक का संदेश देती है। होली का त्योहार आपसी मतभेद को मिटाकर एक दूसरे को गले लगाने का उत्सव है। होली का त्योहार बुराई पर अच्छाई की जीत का उत्सव माना जाता है। इस अवसर पर राजेश चंद्र अग्रवाल, सुरेश अग्रवाल, दीपक अग्रवाल लखनऊ, सुरेंद्र गुप्ता, विनोद अग्रवाल, ब्रह्मानंद गोयल, राजीव गुप्ता, रामविलास मित्तल, पवन गर्ग, अनंत अग्रवाल, ऋषिराज गर्ग, चूड़ियां राम गोयल, ईश्वर गोयल, संदीप कुमार, हरीश कुमार शर्मा आदि मौजूद रहे।



हिसार। अग्रोहा धाम वैश्य समाज के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बजरंग गर्ग समाज के प्रतिनिधियों को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित करते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

## कौशल ही सफलता की असली कुंजी

- ओएसजीयू में साप्ताहिक 'आईबीएम स्किल बिल्ड' प्रोग्राम का आगाज
- कार्यक्रम में विद्यार्थी किताबी ज्ञान से हटकर प्रैक्टिकल वर्क से होंगे रूबरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

ओम स्टर्लिंग ग्लोबल विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों को भविष्य कि तकनीक और आईटी क्षेत्र कि बारीकियों से रूबरू करवाने के लिए आईसीटी अकादमी के सहयोग से आईबीएम स्किल बिल्ड' कार्यक्रम का शानदार आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम एक सप्ताह तक ऑनलाइन एवं ऑफलाइन माध्यम से चलेगा। इस साप्ताहिक कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य छात्रों को आईटी सेक्टर में हो रहे बदलावों और व्यावहारिक ज्ञान से अवगत कराना रहा। विश्वविद्यालय और आईसीटी अकादमी के बीच हुए एमओयू के तहत आयोजित इस वर्कशॉप में विद्यार्थियों को किताबी ज्ञान से हटकर प्रैक्टिकल वर्क करवाया जाएगा। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के चांसलर डॉ. पुनीत गोयल और प्रो-चांसलर डॉ. पूनम गोयल ने अपने संदेश में कहा कि आज के दौर में केवल डिग्री पर्याप्त नहीं है, बल्कि कौशल ही सफलता की असली कुंजी है। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. एनपी कौशिक ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए इस प्रोग्राम का अधिकतम लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने जोर देकर कहा कि विश्वविद्यालय का उद्देश्य छात्रों को न केवल शिक्षित करना है, बल्कि उन्हें रोजगार के योग्य बनाना भी है। इस मौके पर प्रति-कुलपति डॉ. राजेंद्र सिंह छिल्लर ने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि इस तरह के 'स्किल बिल्ड' प्रोग्राम उन्हें वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाने में सहायक सिद्ध होंगे। इस अवसर पर आईसीटी अकादमी से विजय शर्मा, इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के डीन डॉ. शैलेश कुमार, कोऑर्डिनेटर डॉ. प्रवीण सहगल आदि मौजूद रहे।




## प्रशिक्षण कार्यक्रम में किया स्वरोजगार के लिए प्रोत्साहित

- हिसार ब्लॉक के 33 अभ्यर्थियों ने लिया कार्यक्रम में भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के अंतर्गत पीएनबीआरसेटी, हिसार द्वारा आयोजित उद्यमिता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफलतापूर्वक समापन किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं एवं इच्छुक अभ्यर्थियों को स्वरोजगार के लिए प्रोत्साहित करना तथा उन्हें स्वयं का उद्योग स्थापित करने के लिए आवश्यक जानकारी प्रदान करना रहा। प्रशिक्षण कार्यक्रम में हिसार ब्लॉक के कुल 33 अभ्यर्थियों ने भाग लिया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि कीवीआइसी से मुकेश कुमार ने शिरकत की व अध्यक्षता आरसेटी डायरेक्टर प्रदीप कुमार ने की।

## गुड़-चारा खिलाकर की गायों की सेवा

**हिसार।** अग्रसेन परिवार समिति के अनेक सदस्यों ने मंगलवार को देवी भवन मंदिर में स्थित अग्रसेन महाराज के मंदिर में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। समिति सदस्यों ने मंदिर परिसर में बनी गोशाला में पहुंचकर गोमाता को खाने के लिये चारा व गुड़ आदि खिलाकर सेवा की। इस अवसर पर सुशील गोयल, सुमित मित्तल, संजीव गोयल, अनिल गोयल, अनिल गुप्ता, अमित गर्ग, अनिल बंसल डाबड़ा, राम गोयल, सुनील मित्तल, वीरभान बंसल, विपुल गर्ग, राजकुमार, विनोद, संदीप गर्ग आदि उपस्थित रहे।

---

गुजवि में 'आईपीआर अवेयरनेस, ड्राफ्टिंग एंड फाइलिंग' पर कार्यशाला

# भारत ज्ञान की प्राचीन परंपरा वाला देशः प्रो. बिश्नोई

- डीयू की अनुसंधान परिषद के संयुक्त डीन डॉ. अश्वनी सिवाल व पेटेंट सूचना केंद्र, पंचकूला के वैज्ञानिक डॉ. राहुल तनेजा रहे मुख्य वक्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने कहा है कि भारत ज्ञान की प्राचीन परंपरा वाला देश है। भारत ने ही दुनिया को गणित, धातु कर्म, आयुर्वेद कृषि विज्ञान, वस्त्र तकनीक और दर्शन जैसे अनगिनत क्षेत्रों में विश्व का मार्गदर्शन किया है। कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नाई मंगलवार को विश्वविद्यालय के पेटेंट सेल के सौजन्य से 'आईपीआर अवेयरनेस, ड्राफ्टिंग एंड फाइलिंग' विषय पर आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला को बतौर मुख्यातिथि संबोधित कर रहे थे। उच्च शिक्षा निदेशालय द्वारा प्रायोजित इस कार्यशाला की अध्यक्षता पेटेंट सेल के निदेशक प्रो. अश्वनी कुमार ने की। विश्वविद्यालय के चौधरी रणबीर सिंह सभागार में हुई कार्यशाला के मुख्य वक्ता दिल्ली विश्वविद्यालय दिल्ली की अनुसंधान परिषद के संयुक्त डीन डॉ. अश्वनी सिवाल व पेटेंट सूचना केंद्र, पंचकूला के वैज्ञानिक डॉ. राहुल तनेजा रहे। पेटेंट सेल की उप निदेशिका प्रो. मीनाक्षी भाटिया मंच पर उपस्थित रही।




हिसार। गुजवि में डॉ. अश्वनी सिवाल को सम्मानित करते वीसी प्रो. नरसी राम बिश्नोई।

#### आईपीआर इकोसिस्टम मजबूत करने की जरूरत

मुख्य वक्ता डा. अश्वनी सिवाल ने अपने संबोधन में कहा कि बौद्धिक सम्पदा अधिकार (आईपीआर) तथा पेटेंट के बारे में हर संस्थान में आवश्यक रूप से जागरूकता सेल होनी चाहिए। हमें भारत में आईपीआर इकोसिस्टम को और अधिक मजबूत करने की जरूरत है। उन्होंने आईपीआर और पेटेंट की प्रक्रिया तथा कानूनी पहलुओं के बारे में विस्तार से बताया।

#### 2025 में पहली बार एक लाख से ज्यादा पेटेंट फाइल

दूसरे तकनीकी सत्र में मुख्य वक्ता डा. राहुल तनेजा ने बताया कि भारत में 2025 में पहली बार एक लाख से ज्यादा पेटेंट फाइल हुए हैं, जिनमें से 50 प्रतिशत से अधिक भारतीय आवेदक हैं। भारत सरकार व राज्य सरकार के पेटेंट जागरूकता कार्यक्रमों से जागरूगता बढ़ रही है, जिससे पेटेंट फाइल करने का अनुपात बढ़ रहा है। सरकार लोगों को स्टार्ट-अप, पेटेंट फाइलिंग तथा उद्यमीयता के लिए प्रेरित करने के बेहतर परिणाम आ रहे हैं। उप निदेशिका डा. मीनाक्षी भाटिया ने धन्यवाद संबोधन किया।

### राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 14 मार्च को

**हिसार।** हरियाणा राज्य विधिक सेवाएं प्राधिकरण के दिशा-निर्देशों के तहत आगामी 14 मार्च को हिसार स्थित न्यायिक परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी व जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के सचिव अशोक कुमार ने बताया कि लोक अदालत के माध्यम से आमजन के लंबित मामलों का त्वरित, सुलभ और आपसी सहमति से समाधान सुनिश्चित किया जाता है। उन्होंने बताया कि 14 मार्च को आयोजित होने वाली इस राष्ट्रीय लोक अदालत में वैवाहिक व पारिवारिक विवादों के साथ-साथ आपराधिक मामले, भूमि अधिग्रहण, श्रम संबंधी विवाद, बैंक ऋण वसूली, बिजली से जुड़े मसले, पेंशन, हाउस टैक्स सहित कई प्रकार के मामलों का समाधान सुनिश्चित किया जाएगा।

---

## खबर संक्षेप

### नशीली दवाओं के प्रति किया जागरूक




**हिसार।** छाजू राम शिक्षण महाविद्यालय ने नशीली दवाओं की रोकथाम और जागरूकता पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया। नशा मुक्ति प्रकोष्ठ के तत्वावधान में आयोजित सेमिनार का उद्देश्य छात्रों और कर्मचारियों के बीच नशीली दवाओं के दुरुपयोग के हानिकारक प्रभावों और निवारक उपायों के महत्व के बारे में जागरूकता फैलाना था। इस मौके पर क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट डॉ. शालू ढांडा ने छात्रों को नशीली दवाओं की लत के विभिन्न पहलुओं के बारे में जागरूक किया। उन्होंने विस्तार से बताया कि कैसे युवा मादक द्रव्यों के सेवन के प्रति संवेदनशील हो जाते हैं, नशे की लत के लिए मनोवैज्ञानिक और सामाजिक कारक, प्रारंभिक चेतावनी के संकेत और रोकथाम और पुनर्वास के लिए प्रभावी रणनीतियां। डॉ. पूर्णिमा लोहान ने सेमिनार के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर प्रो. प्रेम सुख, नीरज कुमारी, मीनू वर्मा आदि भी मौजूद थे।




### स्वयंसेविकाओं ने सीखे आत्मरक्षा के गुर

**हिसार।** छाजूराम मेमोरियल जाट कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में चल रहे साप्ताहिक विशेष शिविर में मंगलवार को विभिन्न गतिविधियों का सफल आयोजन किया गया। स्वयंसेवकों ने डॉ. स्वीटी जून, डॉ विनय कुमार तथा प्राध्यापिका हिमांशी के मार्गदर्शन में विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक भाग लिया। स्वयंसेवकों ने प्रशिक्षक रोहतास सिंह के निर्देशन में आत्म-सुरक्षा के महत्वपूर्ण गुर भी सीखे। दोपहर के सत्र में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिसमें स्वयंसेवकों ने देशभक्ति एवं लोक संस्कृति पर आधारित प्रस्तुतियां दीं। करियर काउंसलर आर.सी. पूनिया ने स्वयंसेवकों को रोजगार के विभिन्न अवसरों एवं प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं की तैयारियों के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की। सायंकालीन सत्र में हिंदी विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. सुरेंद्र कुमार मलिक ने भारतीय एवं विदेशी संस्कृति पर व्याख्यान देते हुए सांस्कृतिक विविधता, परंपराओं एवं मूल्यों के महत्व पर प्रकाश डाला। शिविर का आयोजन डॉ कृष्ण लाल, डॉ नेहा डांगी तथा डॉ करम सिंह देशवाल की देखरेख में हो रहा है।




### हकृवि विद्यार्थियों ने चलाया स्वच्छता अभियान

**हिसार।** हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के इंदिरा चक्रवर्ती सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय द्वारा निकटवर्ती गांव लाडवा में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करके आसपास के वातावरण को स्वच्छ एवं स्वस्थ बनाए रखना था। सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय की डॉ. प्रोमिला चहल और डॉ. राखी दलाल के मार्गदर्शन में छात्रों एवं ग्रामीणों ने मिलकर स्वच्छता रैली के माध्यम लोगों को अपने घरों, आसपास के क्षेत्रों एवं सार्वजनिक स्थानों में सफाई बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान स्वच्छ गांव-स्वस्थ गांव जैसे नारों के माध्यम से लोगों को स्वच्छता के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। स्वच्छता अभियान के तहत विद्यार्थियों और ग्रामीणों ने संयुक्त रूप से गांव की गलियों और सार्वजनिक स्थानों की सफाई की और कुड़ा निर्धारित स्थान पर डालने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि स्वच्छता केवल एक दिन का अभियान नहीं बल्कि दैनिक जीवन की आदत होनी चाहिए।कार्यक्रम का समापन स्वच्छता बनाए रखने के संकल्प के साथ हुआ। वहीं दूसरी ओर ग्रामीण कृषि कार्य अनुभव कार्यक्रम के तहत लाडवा गांव में दूसरे समूह के विद्यार्थियों द्वारा रावे कार्यक्रम के अंतर्गत वस्त्र देखभाल पर व्याख्यान एवं मनोरंजक गतिविधियों का आयोजन किया गया।

### महिलाओं के लिए संतुलित आहार व व्यायाम जरूरी



**हिसार।** दयानन्द महाविद्यालय की वुमन सेल द्वारा मंगलवार को पीसीओएस अवेयरनेस एंड प्रिवेंशन पर व्याख्यान का आयोजन किया। कार्यक्रम में सर्वोदय हॉस्पिटल की गाइनेकोलॉजिस्ट डॉ. हिमानी नैन मुख्य वक्ता रही। डॉ नैन ने कहा कि यदि ध्यान न दिया जाए तो पीसीओएस महिलाओं में एक आम हार्मोनल विकार है जो अनियमित मासिक धर्म, वजन बढ़ना, मुहांसे और अवांछित बालों के विकास का कारण बनता है। यह मधुमेह और हृदय रोगों के जोखिम को बढ़ाता है। इसकी रोकथाम के लिए महिलाओं को संतुलित आहार व नियमित व्यायाम करना चाहिए ताकि इस गंभीर बीमारी से बचा जा सके। कार्यक्रम में डॉ. हिमानी नैन के साथ सर्वोदय हॉस्पिटल के मीडिया एंड प्रोमोशनल ऑफिसर पुनीत वधवा, पीएमटी ट्रेनिंग हैड मुम्बई से डॉ. हरजीत सिंह तथा क्षेत्रीय प्रबंधक के रूप में राजेश ठाकुर और कोमल डुडेजा उपस्थित रहे। इससे पूर्व सर्वप्रथम कॉलेज कार्यवाहक प्राचार्या डॉ यशु राय व वूमेन सेल की संयोजिका डॉ सुमंगला वशिष्ठ तथा सह-संयोजिका डॉ सुरुचि शर्मा व डॉ रेनू राठी ने पौधा देखकर मुख्य वक्ता का कॉलेज में पहुंचने पर स्वागत किया। इस अवसर पर वुमन सेल से डॉ. रेनू राठी, डॉ. सुरुचि शर्मा, डॉ. संगीता मलिक, डॉ. मीनाक्षी चैहान, डॉ. सुनीता लेगा, डॉ. अर्चना मलिक आदि मौजूद रही।




### यूनीक हाई स्कूल के बच्चों ने सिखाए यातायात नियम

**हांसी।** हिंदुस्तान स्काउट एंड गाइड की ओर से यूनीक हाई स्कूल के विद्यार्थियों ने प्रशिक्षक नरेश जांगड़ा के मार्गदर्शन में सिसाय पुल पर चौकी इंचार्ज रविकांत के सहयोग से वाहनों को रुकवा कर लोगों को यातायात नियमों का पालन के लिए समझाया गया। स्कूल के स्काउट विद्यार्थियों को बीईओ सुनील कुमार ने हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। इस अवसर पर अमरजीत सिंह पन्नू का भी सहयोग रहा। इस अवसर पर विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि यातायात नियमों के पालन के साथ साथ सफाई अभियान पर भी काम करते रहें। सिसाय पुल हांसी पर गलती करने पर लाल फूल, कागज़ पूरे न होने पर पीले फूल व सही तरीके से नियमों का पालन करने पर हरा फूल दिया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्या गीता दुबे ने बच्चों का हौसला बढ़ाया। इस अवसर पर ट्रैफिक एसएचओ मनदीप चहल, राजेश कुमार, सतीश के अलावा संदीप कुमार, प्रवीन, सुरेंद्र सिह स्कूल स्टाफ से पूजा, नेहा, सूर्या, अनिल, योगेश व पवन उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### विराट हिन्दू सम्मेलन 1 को बुधला संत मंदिर में

**हिसार।** हिंदू जागरण समिति ऋषि नगर द्वारा विशाल विराट हिन्दू सम्मेलन का आयोजन ऋषि नगर स्तिथ बुधला संत मंदिर में आयोजित किया जाएगा। सम्मेलन के संयोजक प्रधान राजकुमार एवं यशपाल शर्मा ने बताया कि सर्व हिन्दू सनातन संस्कृति की अलख जगाते हुए इस सम्मेलन में देश प्रेम से ओत-प्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ साथ विद्वान-संतो का मार्गदर्शन मिलेगा। सभी समाज के लोगों की सहभागिता से इस कार्यक्रम का आयोजन दोपहर दो बजे से 6 बजे तक होगा व कार्यक्रम उपरांत प्रसाद वितरण होगा।

### कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में प्रवेश शुरू

**नारनौंद ।** उपमंडल के गांव माढा में स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में शैक्षणिक सत्र के लिए छात्राओं के लिए कक्षा छटी से आठवीं में प्रवेश लेने के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। विद्यालय के मुख्य अध्यापक विजेंद्र सिंह ने बताया कि प्रवेश सिर्फ ग्रामीण क्षेत्र की बालिकाओं के लिए होगा। छात्राओं के स्कूल में ही आवासीय (होस्टल) सुविधा है। जिसमें छात्राओं को निःशुल्क शिक्षा, आवास, भोजन, पाठ्य सामग्री, यूनिफॉर्म तथा अन्य आवश्यक सुविधाएं प्रदान की जाती हैं। प्रवेश प्रक्रिया में गरीबी रेखा से नीचे के परिवारों तथा जिन लड़कियों के माता-पिता की मृत्यु हो चुकी है। उन्हें दाखिले में प्राथमिकता दी जाएगी। प्रवेश के लिए आवेदन एक मार्च से 31 मार्च तक किए जा सकते हैं। विद्यालय में 40 सीटे रिक्त है।

### स्वच्छता नियम तोड़ने पर काटे 13 के चालान

**हिसार।** शहर को स्वच्छ बनाए रखने के उद्देश्य से नगर निगम द्वारा निरंतर कदम उठाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में नगर निगम की टीमों ने खुले में कचरा डालने और स्वच्छता नियमों की अवहेलना करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए 13 चालान किए। सीएसआई राजकुमार, एएसआई कपिल व एएसआई सरोज ने साउथ बाईपास पर सड़क के दोनों ओर खुले में कचरा डालने वाले 10 के चालान किए। एएसआई राहुल सैनी व एएसआई राहुल पंवार ने पुरानी ऑटो मार्केट में खुले में कचरा डालने पर दो दुकानदारों के चालान किए। वहीं एएसआई प्रवीन ने पटेल नगर में एक व्यक्ति का खुले में कचरा डालने पर चालान किया गया।

### निगम ने 20 बेसहारा पशु भेजे गो-अभ्यारण

**हिसार।** नगर निगम द्वारा बेसहारा पशुओं को पकड़ने का अभियान लगातार जारी है। इस अभियान के सहायक नोडल अधिकारी सुरेन्द्र वर्मा की देखरेख में नगर निगम की टीम ने मंगलवार को विभिन्न क्षेत्रों में कार्रवाई की। एएसआई संदीप बिश्नोई ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर निगम की टीम ने आजाद नगर, कैमरी रोड, सेक्टर 15, सेक्टर 27-28, कैंट, सातरोड क्षेत्र से 20 बेसहारा पशुओं को पकड़ा। पकड़े गए सभी पशुओं को गो-अभ्यारण भेज दिया गया है। नगर निगम की टीम के साथ पुलिस विभाग की टीम भी मौके पर मौजूद रही।



हिसार। खेलकूद प्रतियोगिता में हिस्सा लेती महिलाएं। फोटो : हरिभूमि

### महाबीर स्टेडियम में जिला स्तरीय महिला खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

# पातन की मंजू, हांसी-1 की नीशू व मसूदपुर की सोनम दौड़ीं सबसे तेज

चक्का फेंक में हांसी सेकंड की गायत्री पांच किमी साइकिल रेस में उकलाना की ज्योति अव्वल

म्यूजिकल चेयर में वार्ड 8 की सुदेश ने पहला स्थान हासिल किया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से मंगलवार को महाबीर स्टेडियम में जिला स्तरीय महिला खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ नगराधीश हरिराम ने किया। प्रतियोगिता में महिलाओं के लिए म्यूजिकल चेयर, डिस्कस थ्रो, 100 मीटर, 300 मीटर दौड़, 400 मीटर दौड़ एवं 5 किलोमीटर साइकिल रेस का आयोजन किया गया। खेलकूद प्रतियोगिता में महिलाओं में जबरदस्त जोश व उत्साह देखने को मिला। प्रतिभागियों ने अलग-अलग प्रतिस्पर्धा में अपना दमखम दिखाया। विजेताओं प्रतिभागियों को विभाग की ओर से पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

इससे पूर्व उद्घाटन अवसर पर नगराधीश हरिराम ने अपने संबोधन में कहा कि खेल जीवन का अभिन्न हिस्सा हैं और यह केवल शारीरिक गतिविधि नहीं, बल्कि व्यक्तित्व निर्माण की एक सशक्त प्रक्रिया है। उन्होंने कहा कि खेलकूद से अनुशासन, धैर्य, टीम भावना और नेतृत्व क्षमता का विकास होता है, जो जीवन के हर क्षेत्र में सफलता के लिए आवश्यक गुण हैं। महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी मंजू राणा ने कहा कि




हिसार। प्रतियोगिताओं में विजेता रही खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित करती जिला कार्यक्रम अधिकारी मंजू राणा।

विभाग का उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं को सशक्त बनाना है तथा खेलकूद प्रतियोगिताएं उनके सर्वांगीण विकास का सशक्त माध्यम हैं। प्रतियोगिताओं में विजेता रही खिलाड़ियों को जिला कार्यक्रम अधिकारी मंजू राणा द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सीडीपीओ अनीता खुराना, सुमन पाहुजा, सत्यबाला, कविता रानी, कृष्ण चहल, सरिता सहित गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में खिलाड़ी एवं दर्शक उपस्थित रहे।

#### ये रहे परिणाम

प्रतियोगिता में 100 मीटर दौड़ में पातन की मंजू पहले, गुराना की सोनिया दूसरे व पनिहारी की संजू तीसरे स्थान पर रही। 300 मीटर दौड़ में हांसी प्रथम की नीशू ने पहला, हांसी प्रथम की अंजू ने दूसरा व अग्रोहा की सोनिया ने तीसरा, 400 मीटर दौड़ में मसूदपुर की सोनम ने पहला, चिड़ौद की विपल ने दूसरा और कापड़ो की सुनिधि ने तीसरा स्थान हासिल किया। चक्का फेंक स्पर्धा में हांसी द्वितीय की गायत्री ने पहला, बरवाला की सीमा ने दूसरा व नारनौंद की कविता ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। पांच किलोमीटर साइकिल रेस में उकलाना की ज्योति रानी ने पहला, हिसार प्रथम की तनुजा ने दूसरा व हिसार वार्ड 18 की कोमल ने तीसरा स्थान हासिल किया। म्यूजिकल चेयर में वार्ड 8 की सुदेश पहले, हिसार प्रथम की सुमित्रा दूसरे व आदमपुर मंडी की सुमित्रा तीसरे स्थान पर रही।



हांसी। स्वास्थ्य जांच शिविर में मरीज की जांच करते चिकित्सक।

# शिविर में 1085 मरीजों के स्वास्थ्य की जांच की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

श्री काली देवी आई एंड जनरल अस्पताल में भारत विकास परिषद के सहयोग से एक निःशुल्क मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न विशेषज्ञ विभागों के चिकित्सकों ने अपनी सेवाएं प्रदान कर मरीजों को लाभान्वित किया।

अस्पताल चेयरमैन हनुमान सिंगला ने बताया कि शिविर के दौरान नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. कार्तिकेय गुप्ता की 625 मरीजों की ओपीडी पर्चियां बनाई गईं, जिनमें से नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ कार्तिकेय द्वारा 250 मरीजों की आंखों की विस्तृत जांच की गई। वहीं जनरल रोग विशेषज्ञ डॉ. विनायक शर्मा के मार्गदर्शन में 240 मरीजों की जांच कर उन्हें आवश्यक परामर्श दिया गया। इनके अलावा जनरल सर्जन डॉ एमके ढिंगरा, आर्थो एवं स्पाइनल सर्जरी विभाग में डॉ. समीर नागपाल, बाल रोग विभाग में डॉ. साहिल धमीजा, चर्म एवं गुप्त रोग विभाग में डॉ. अनुप गोयल, कान-नाक-गला रोग डॉ. प्रमोद जांगड़ा, फिजियोथेरेपी विभाग में डॉ. रमा चावला आदि द्वारा भी मरीजों को सफलतापूर्वक उपचार एवं परामर्श प्रदान किया गया। शिविर के दौरान मरीजों को निःशुल्क दवाइयां, एक्स-रे, ईसीजी तथा रक्त जांच की सुविधा उपलब्ध कराई गई

# विपरीत परिस्थितियों में साथ निभाना ही मित्रता का सच्चा धर्म : शैलेंद्र पाराशर

- बीड़ बबरान धाम में आठ दिवसीय श्रीमद भागवत कथा में सुदामा चरित्र का प्रसंग सुनकर भावविभोर हो गए श्रद्धालु
- धूमधाम से किया बबरान नरेश महाभिषेक, पूर्ण आहुति महायज्ञ में उमड़े श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार





हिसार। बीड़ बबरान धाम में सजा श्याम बाबा का दरबार व श्रीमद भागवत कथा में प्रवचन देते कुमार शैलेंद्र पाराशर महाराज । फोटो : हरिभूमि

प्रसिद्ध बीड़ बबरान धाम में आयोजित 53वें बबरान नरेश प्रकटोत्सव में प्रातः विधि-विधान से बबरान नरेश का महाभिषेक करके श्याम बाबा की आराधना की गई। इसके उपरांत पूर्ण आहुति महायज्ञ का आयोजन किया गया। महायज्ञ में आहुति डालते हुए जनकल्याण की कामना की गई। इस अवसर पर श्याम बाबा के दरबार को सजाकर भव्य स्वरूप दिया गया। बीड़ बबरान धाम के प्रथम महंत श्यामलीन रामगोपाल शर्मा, द्वितीय महंत श्यामलीन राजेश शर्मा व तृतीय महंत श्यामलीन प्रमोद शर्मा के शुभ आशीर्वाद से बीड़ बबरान धाम में 53वें बबरान नरेश प्रकटोत्सव के अंतर्गत आठ दिवसीय श्रीमद भागवत कथा का भी आयोजन किया गया। कथा व्यास कुमार शैलेंद्र पाराशर जी महाराज ने आठ दिनों तक श्रीमद भागवत कथा के विभिन्न प्रसंग सुनाकर सदकार्य करने की प्रेरणा दी।

कुमार शैलेंद्र पाराशर महाराज ने कहा कि भगवान दिखावे या भौतिक संपत्ति से प्रसन्न नहीं होते वे तो प्रेम और भक्ति के भूखे हैं। उन्होंने समझाया कि भक्त का त्याग व समर्पण देखकर प्रभु सब कुछ लुटाने के लिए तैयार रहते हैं। श्रीकृष्ण-सुदामा की मित्रता पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि विपरीत परिस्थितियों में साथ निभाना ही मित्रता का सच्चा धर्म है। इसलिए मित्रता में गरीबी व अमीरी नहीं देखी जाती।

इस दौरान श्री श्याम भक्त संजय गोयल व मनीष बंसल यजमान रहे। इस अवसर पर प्रधान शिव कुमार सिंगल, बीड़ बबरान के सरपंच देवेंद्र नैन, महंत महाराज विनोद शर्मा व निज पुजारी विनय शर्मा सहित काफी संख्या श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### हिसार ने सोनीपत को एकतरफा मुकाबले में 6-0 से दी शिकस्त

# हॉकी के सब जूनियर वर्ग में हिसार बना चैंपियन

हरियाणा महिला हॉकी चैम्पियनशिप जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

एस्ट्रोटर्फ मैदान पर चल रही हरियाणा हॉकी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के पांचवें दिन सब जूनियर वर्ग का फाइनल मैच हिसार और सोनीपत के बीच खेला गया जिसमें हिसार ने शानदार खेल दिखाते हुए सोनीपत को 6-0 से हराया। हिसार विशाखा ने हैट्रिक लगाते हुए 4 गोल दागे।

इसके अलावा मंगलवार को खेले गए मैचों में जूनियर वर्ग का पहला सेमीफाइनल मैच हिसार व रोहतक के बीच खेला गया। मैच में हिसार की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए रोहतक को 4-0 हराया। दूसरा सेमीफाइनल मैच जूनियर वर्ग का कुरुक्षेत्र व सोनीपत के बीच खेला गया। इसमें सोनीपत ने कुरुक्षेत्र को 3-0 से हराया। तीसरा मैच सीनियर वर्ग का रोहतक और सोनीपत के बीच खेला गया। इस मैच में सोनीपत ने रोहतक को 9-0 से धो दिया। सीनियर वर्ग का एक अन्य मैच पानीपत और पलवल के मध्य हुआ जिसमें पलवल ने पानीपत को 2-1 से हराया। एक अन्य मैच में फतेहाबाद ने जींद को 4-0 से हराया। इसी वर्ग का एक मैच हिसार और भिवानी के मध्य हुआ जिसमें मेजबान हिसार ने भिवानी को 6-1 से हराया। हिसार की ओर से नीलम ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए हैट्रिक लगाईं। सातवां मुकाबला पलवल और कुरुक्षेत्र के बीच हुआ।

सीनियर वर्ग के इस मैच में कुरुक्षेत्र ने पलवल को 3-2 से हराया। सब जूनियर कांस्य पदक के लिए खेले गए एक मैच में फतेहाबाद ने जींद को 1-0 से हराया। हॉकी हिसार के महा सचिव आजाद सिंह मलिक ने बताया कि सब जूनियर वर्ग के मुख्यातिथि भारतीय खेल प्राधिकरण सोनीपत की क्षेत्रीय निदेशक रितु पथिक, विशिष्ट अतिथि विजय कुमार मनचंदा रहे।





हिसार। सब जूनियर महिला चैंपियन हिसार की टीम के साथ हॉकी हिसार के महासचिव आजाद सिंह मलिक।

### शराब के ठेके से चोरी करने का आरोपी धरा

**नारनौंद ।** करीब पांच महीने पहले गांव सोरखी में शराब के ठेके पर हजारों रुपये की चोरी मामले में पुलिस चौकी सोरखी ने जितेन्द्र उर्फ छोटिया निवासी झुल्ली जिला भिवानी को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान निशानदेही करवा आरोपी से चोरी के 4,150 रुपये बरामद कर लिए। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। उप निरीक्षक प्रवीण कुमार ने बताया कि पिछले वर्ष 16 अक्टूबर को ओमबीर उर्फ बिट्टू निवासी मुंढाल ने पुलिस को शिकायत दी कि उसकी सोरखी में शराब की दुकान है। दुकान पर जितेन्द्र सेल्समैन था। रात के समय दुकान के गल्ले से 32 हजार रुपये चोरी कर लिए और फरार हो गया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर युवक पर विभिन्न धाराओं के तहत थाना बास में केस दर्ज किया था।

# श्री 1008 सिद्ध चक्र महामंडल विधान की घट यात्रा निकाली

3 मार्च तक होगा विश्व शान्ति महायज्ञ



हिसार। कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित मुनिश्री।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

अष्टानिक महापर्व में श्री 1008 सिद्ध चक्र महामंडल विधान एवं विश्व शान्ति महायज्ञ का आयोजन 3 मार्च तक मनहर पारसनाथ अतिशय क्षेत्र, जहाज पुल में पूज्य गुरुदेव मुनि श्री 108 विशद सागर महाराज संसंघ के सानिध्य में विधानाचार्य प्रदीप शास्त्री, ललितपुर के कुशल मार्गदर्शन में होगा। श्री दिगंबर जैन पंचायत के उप प्रधान सुनील जैन ने बताया कि सोमवार प्रातः काल नित्यमेह अभिषेक शांति धारा के उपरांत देवआज्ञा एवं आचार्य निमंत्रण के साथ जैन समाज के श्रेष्ठीजनों के द्वारा ध्वजारोहण किया गया।

उसके बाद जैन समाज की महिलाओं द्वारा मंगल कलश को अपने शीश पर लेकर भव्य एवं दिव्य घट यात्रा छोटा मंदिर जी, गांधी चौक से कार्यक्रम स्थल मनहर पारसनाथ अतिशय क्षेत्र तक बहुत धूम धाम और गाजे बाजे के साथ संपन्न हुई। उनके द्वारा लाए गए जल के माध्यम से मंडप शुद्धि की गई। श्री दिगंबर जैन पंचायत के अध्यक्ष नवीन जैन ने बताया कि पूज्य गुरुदेव के पावन आशीर्वाद से यह आयोजन बहुत ही भव्य होने वाला है।

## खबर संक्षेप



### डीएमए राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अमित व्यास व रजत विजेता अंकित व्यास का नारनौंद में अभिनंदन

**नारनौंद।** समस्त समुदाय,नारनौंद द्वारा एक गरिमामय सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डॉ. अमित व्यास को डेमोक्रेटिक मेडिकल एसोसिएशन (डीएमए इंडिया)का राष्ट्रीय अध्यक्ष चुने जाने पर तथा अंकित व्यास को बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता में रजत पदक प्राप्त करने पर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता देवेंद्र व्यास (प्रधान,सांग कला उत्थान केंद्र) ने की। अपने अध्यक्षीय संबोधन में उन्होंने कहा कि यह सम्मान पूरे व्यास समाज के लिए अत्यंत गौरव का विषय है। ऐसे सम्मान समारोह युवाओं को शिक्षा, खेल एवं सामाजिक सेवा के क्षेत्र में निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित करते हैं।समारोह में मुख्य रूप से भारतीय जनता पार्टी के महासचिव बिजेंद्र लोहान तथा नारनौंद थाना के निरीक्षक रमेश उपस्थित रहे। उन्होंने सम्मानित प्रतिभाओं को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस दौरान व्यास धर्मशाला के प्रधान चन्द्रपाल, मास्टर नफे सिंह, मास्टर सुरेश, वीरेंद्र व्यास एवं राजपाल की विशेष उपस्थिति रही।

### प्रॉपर्टी डीलर मर्डर केस में आरोपी रिमांड पर

**हिसार।** शहर के सेक्टर 9-11 के मोड पर रविवार देर शाम को बीएसएफ से सेवानिवृत्त एसआई एवं प्रॉपर्टी डीलर कलम सिंह की हत्या के आरोप में गिरफ्तार किए गए दोनों आरोपितों सातरोड निवासी संजय तथा रोहित को मंगलवार को कोर्ट में पेश किया गया। पुलिस ने संजय से हत्याकांड के बारे में अधिक पूछताछ के लिए रिमांड की मांग की। इस पर अदालत ने संजय को पांच दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया, जबकि रोहित को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। उधर, हत्याकांड से जुड़े अन्य आरोपितों की तलाश में पुलिस की अलग-अलग टीम उनके संभावित ठिकानों पर दबिश देने में लगी है। बता दें कि रविवार देर सायं सेक्टर 9-11 के पास कुछ युवकों ने रिटायर्ड एसआई पर चाकू व लाठी-डंडों से हमला कर दिया गया था। हमले में वे गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मृतक के भाई के बयान पर हत्या का यह केस दर्ज किया है। शिकायत के अनुसार आजाद नगर निवासी योगेश, सातरोड निवासी संजय व रोहित सहित अन्य ने इस वारदात को अंजाम दिया है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि मुख्य आरोपी योगेश ने चाकू मारा वहीं आरोपी संजय ने मृतक को पकड़कर लाठी-डंडों से मारपीट कर गंभीर चोटें पहुंचाईं। इस मामले में पुलिस ने वारदात होने के 24 घंटे के अंदर ही सातरोड के संजय व रोहित को गिरफ्तार कर लिया था। हत्यारोपी योगेश की तलाश में पुलिस की छापेमारी लगातार जारी है। योगेश पर पहले भी आजाद नगर, सिविल लाइन थाना, अर्बन एस्टेट पुलिस थाना में हत्या, लूट, डकैती, छीना-झपटी, शस्त्र अधिनियम के लगभग 10 से ज्यादा मामले दर्ज है।





### खनिज मिश्रण नहीं खिलाने से पशुओं में बांझपन समस्याएं बढ़ी : डॉ. सिहाग

**हिसार।** लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय के पशु पोषण विभाग में अनुसूचित जाति के बेरोजगार युवाओं के लिए चल रहे सात दिवसीय निशुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन समारोह आयोजित किया गया। संतुलित आहार एवं खनिज मिश्रण का पशुपालन में महत्व विषय पर आयोजित इस प्रशिक्षण में आए 23 प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि एवं विभागाध्यक्ष डॉ. सज्जन सिहाग ने पशुपालन के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि अत्यधिक प्रतिस्पर्धा के कारण रोजगार के अवसर सीमित हैं। ऐसे में पशुपालन को एक व्यवसाय के रूप में अपनाकर आगे बढ़ा जा सकता है। उन्होंने कहा कि पिछले एक दशक से लोगों का रुझान पशुपालन में लगातार बढ़ा है, लेकिन अधिकतर पशुपालक खनिज मिश्रण नहीं खिला रहे हैं, जिससे बांझपन जैसी समस्याएं बढ़ रही हैं और दूध उत्पादन आशा अनुरूप नहीं हो पा रहा है। भारत वर्ष पूरे विश्व में दूध उत्पादन में प्रथम स्थान पर होने के बावजूद प्रति पशु उत्पादन में अन्य देशों से पीछे है। उन्होंने सभी पशुपालकों से आह्वान किया कि वे अपने पशुओं को प्रतिदिन 50 से 100 ग्राम खनिज मिश्रण अवश्य खिलाएं। प्रशिक्षण संयोजक डॉ. नैंसी श्योराण एवं सह-संयोजक डॉ. ज्योत्सना ने बताया कि प्रशिक्षणार्थियों को स्वरोजगार स्थापित करने के लिए बैंक से ऋण लेने संबंधी सुविधाओं से भी अवगत करवाया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि द्वारा सभी प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

### निगम टीम ने हटवाया अतिक्रमण

**हिसार।** नगर निगम द्वारा शहर को अतिक्रमण मुक्त करने का अभियान लगातार जारी है, जिसका असर बाजारों में साफ दिखने लगा है। रेलवे रोड से शुरू हुई कार्रवाई में राजगुरु मार्केट, बस स्टैंड क्षेत्र, ऋषि नगर, ऑटो मार्केट, जिंदल चौक से आईटीआई चौक, एमसी-डीसी कॉलोनी, आर्य समाज मंदिर मार्केट सहित कई स्थानों से अतिक्रमण हटाया गया। समाधान शिविर की शिकायत पर पूजा मार्केट में भी कार्रवाई की गई। सहायक नोडल अधिकारी सुरेंद्र वर्मा ने दुकानदारों से सामान सीमा में रखने की अपील की और चेतावनी दी कि इसके बावजूद वह सामान नहीं हटाते है तो नगर निगम द्वारा नियमानुसार सख्त कार्रवाई करेगा और सामान जब्त भी किया जाएगा।